हिन्दी

कक्षा ४ पाठ - 1 राख की रस्सी

शब्दार्थ

मशहूर - प्रसिद्ध	मुश्किल - कठिन
होशियारी - समझदारी	चकित - हैरान
जौ - एक प्रकार का अनाज	मदद - सहायता
आपबीती - अपने ऊपर बीती	यकीन - विश्वास

प्रश्नोत्तर (अ.ज.1)

भोला-भाला

प्रश्न 1) तिब्बत के मंत्री अपने बेटे के भोलेपन से चिंतित रहते थे।

(क) तुम्हारे विचार से वे किन-किन बातों के बारे में सोचकर परेशान होते थे?

उत्तर:- हमारे विचार से तिब्बत के मंत्री यह सोचकर परेशान होते थे कि मेरा बेटा होशियार कैसे बनेगा; और मेरे बाद जीवन यापन कैसे करेगा।

(ख) तुम तिब्बत के मंत्री की जगह होती तो क्या उपाय करती

उत्तर मैं तिब्बत के मंत्री की जगह होती तो अपने बेटे को प्यार से समझाती और उसे समझदारी की सीख देती

शहर की तरफ

प्रश्न 1) "मंत्री ने अपने बेटे को शहर की तरफ रवाना किया

(क) मंत्री ने अपने बेटे को शहर क्यों भेजा था?

उत्तर:- मंत्री ने अपने बेटे को शहर इसलिए भेजा ताकि शहर जाकर उनका बेटा दुनियादारी समझे और व्यवहारिक बने।

(ख) उसने अपने बेटे को भेड़ों के साथ शहर में ही क्यों भेजा?

उत्तर:- शहर के लोग अधिक होशियार और सूझबूझ वाले होते हैं। ऐसे लोगों के बीच रहकर भोला भाला व्यक्ति भी होशियार और सूझ बूझ वाला बन जाता है। इस कारण उसने अपने बेटे को भेड़ों के साथ शहर में ही भेजा।

Scanned by CamScanner

2) 'जौ' एक तरह का अनाज है जिसे कई तरह से इस्तेमाल किया जाता है। इसकी रोटी बनाई जाती है, सत्तू बनाया जा[illegible] है और सूखा भूनकर भी खाया जाता है। अपने घर में और [illegible]कूल में बातचीत करके कुछ और अनाजों के नाम पता करो।

उत्तर

गेहूँ	जौ
मक्का	मटर
ज्वार	बाजरा

3) गेहूँ और जौ अनाज होते हैं और ये तीनों शब्द सं[illegible] हैं। 'गेहूँ' और 'जौ' अलग-अलग किस्म के अनाजों[illegible] नाम हैं इसलिए ये दोनों व्यक्तिवाचक संज्ञा हैं और 'अना[illegible]' जातिवाचक संज्ञा है। इसी प्रकार 'रिमझिम' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। और 'पाठ्यपुस्तक' जातिवाचक संज्ञा है।

(क) नीचे दी गई संज्ञाओं का वर्गीकरण इन दो प्रकार के संज्ञाओं में करो :-
लेह धातु शेरवानी भोजन तों[illegible]
खिचड़ी शहर वेशभूषा

उत्तर :-

व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा
लेह, शेरवानी तौबा, खिचड़ी	धातु, भोजन, शहर, वेशभूषा

(ख) ऊपर लिखी हर जातिवाचक संज्ञा के लिए तीन-तीन व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ खुद सोचकर लिखो।

उत्तर शहर :- पटना, दिल्ली, मुम्बई
वेशभूषा :- साड़ी, धोती, कमीज
धातु :- सोना, चाँदी, पीतल
भोजन :- चावल, दाल, रोटी

Scanned by CamScanner